# Daily Current Affairs

Date : 12 February, 2026

UTKARSH CLASSES | CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका



| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | रोहिल (सीकर) में यूरेनियम का भंडार |
| 2. | राजस्थान युवा नीति – 2026 |
| 3. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. ‘सक्षम साथिन’ पहल<br>2. राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड राज्य स्तरीय पुरस्कार समारोह<br>3. 'लेगेसी इन ट्यून्स' फिल्म<br>4. अभ्यास 'वायु शक्ति-2026'<br>5. पैरा थ्रोबॉल नेशनल फेडरेशन कप 2026 – झुंझुनूं<br>6. शेरगढ़ वन्यजीव अभयारण्य में विश्व की सबसे छोटी बिल्ली की उपस्थिति<br>7. हर्षवर्धन सिंह सक्तावत<br>8. राजस्थान सरकार की साइबर सुरक्षा संबंधी एडवाइजरी<br>9. उपनिरीक्षक प्राची गुर्जर<br>10. एम्प्लॉयमेंट एक्सचेंज मैनेजमेंट सिस्टम (EEMS) 2.0 |
| 4. | पंडित दीनदयाल उपाध्याय |
| 5. | भारत का चाय के निर्यात: 2025 |
| 6. | राष्ट्रीय कर्मयोगी लार्ज स्केल जन सेवा कार्यक्रम |
| 7. | NLST और NLOT |
| 8. | भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक |
| 9. | नेटवर्क तत्परता सूचकांक रिपोर्ट 2025 |





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## रोहिल (सीकर) में यूरेनियम का भंडार

### चर्चा में क्यों?

- परमाणु ऊर्जा विभाग की संघटक इकाई परमाणु खनिज अन्वेषण एवं अनुसंधान निदेशालय (AMDER) ने सीकर ज़िले में रोहिल-खंडेला क्षेत्र में यूरेनियम का भंडार खोजा।





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## मुख्य बिन्दु:

- परमाणु ऊर्जा विभाग (DEA) ने रोहिल यूरेनियम भंडार के लिए खनन पट्टा प्रदान करने हेतु यूरेनियम कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड (UCIL) को परमाणु खनिज रियायत नियम, 2016 के प्रावधानों के तहत पट्टेदार के रूप में नामित किया है।
- यूरेनियम और थोरियम मुख्य परमाणु खनिज हैं। अन्य परमाणु खनिजों में बेरिलियम, लिथियम और ज़िरकोनियम शामिल हैं।
- झारखंड के सिंहभूम और हजारीबाग जिलों, बिहार के गया जिले और उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले की अवसादी चट्टानों में यूरेनियम के भंडार पाए जाते हैं। लेकिन यूरेनियम का सबसे बड़ा स्रोत मोनाजाइट रेत है।
- भारत विश्व के यूरेनियम उत्पादन का लगभग 2 प्रतिशत हिस्सा उत्पादित करता है। देश में यूरेनियम का कुल भंडार 30,480 टन होने का अनुमान है।

### फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:

### यूरेनियम (U)


- यूरेनियम चाँदी जैसे भूरे रंग का एक धात्विक रेडियोधर्मी रासायनिक तत्त्व है। यह प्राकृतिक रूप से केवल सुपरनोवा विस्फोटों में ही बनता है।
- यूरेनियम, थोरियम और पोटेशियम प्राकृतिक स्थलीय रेडियोधर्मिता में योगदान देने वाले मुख्य तत्त्व हैं।
- यूरेनियम का रासायनिक प्रतीक U और परमाणु क्रमांक 92 है।
- प्राकृतिक यूरेनियम में यूरेनियम के समस्थानिक 238 U (99.27 प्रतिशत) और 235 U (0.72 प्रतिशत) हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान युवा नीति – 2026

## चर्चा में क्यों?

- राज्य सरकार द्वारा 12 जनवरी, 2026 को 'राजस्थान युवा नीति - 2026' जारी की गई।





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**मुख्य बिन्दु:**

- यह नीति 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के 2.25 से 2.30 करोड़ युवाओं की क्षमता को सशक्त रूप से विकसित करने हेतु एक समग्र रोडमैप प्रदान करती है, जो राज्य में 27.2 प्रतिशत जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करते हैं।
- यह नीति युवाओं को नेता (लीडर), नवप्रवर्तक (इनोवेटर) और जिम्मेदार नागरिक के रूप में विकसित करने की परिकल्पना करती है, ताकि वे आर्थिक विकास, सामाजिक प्रगति और सतत राष्ट्र-निर्माण में योगदान दे सकें।
- नीति कवरेज-आधारित एवं परिणामोन्मुखी दृष्टिकोण को अपनाती है, जिसके अंतर्गत कम-से-कम एक योजना के माध्यम से 90 प्रतिशत युवाओं तक पहुँच तथा बहु-स्तरीय सहयोग (मल्टी-टच सपोर्ट) के माध्यम से 75 प्रतिशत युवाओं को लाभान्वित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

**नीति के प्रमुख फोकस क्षेत्र:**

- नेतृत्व एवं स्वयंसेविता।
- डिजिटल सशक्तीकरण एवं प्रौद्योगिकी।
- शिक्षा एवं कौशल विकास।
- रोजगार एवं उद्यमिता।
- खेल, स्वास्थ्य एवं कल्याण।
- संस्कृति, विरासत एवं कला।
- समावेशन एवं सामाजिक समानता।
- यह नीति युवाओं को राजस्थान की विकास रणनीति के केंद्र में रखती है तथा एक समावेशी, कुशल, स्वस्थ और सशक्त युवा पीढ़ी का निर्माण करती है, जो राज्य के भविष्य को आकार देने के लिए तैयार है।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:

### राजस्थान यूथ आइकॉन अवॉर्ड:-

- राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर नेशनल यूथ आइकॉन अवॉर्ड की तर्ज पर प्रदेश में 15 से 29 वर्ष के प्रतिभाशाली युवाओं को 'राजस्थान यूथ आइकॉन अवॉर्ड' और ₹1,00,000 की नकद राशि से सम्मानित किया जाता है।

### वर्ष 2026 के पुरस्कार प्राप्तकर्ता :

- यश व्यास (बाँसवाड़ा)
- कुलदीप वर्मा (जयपुर)
- नरेश कुमार मीणा (दौसा)
- हीरा लाल महावर (दौसा)।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **'सक्षम साथिन' पहल**<br>■ हाल ही में, राजस्थान महिला अधिकारिता विभाग एवं एजुकेट गर्ल्स द्वारा संयुक्त रूप से जयपुर में 'सक्षम साथिन' कार्यशाला का आयोजन किया गया।<br>■ **उद्देश्य –** इस पहल का उद्देश्य साथिन बहनों को सरकारी योजनाओं, उच्च शिक्षा के अवसरों तथा आधुनिक तकनीकी विषयों जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।<br>■ **राजस्थान में साथिन :** ग्राम पंचायत स्तर पर महिला विकास कार्यक्रमों के लिए चुनी गई एक 'मानद महिला कार्यकर्ता' होती है। वह ग्रामीण महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, अधिकारों और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करने वाली मुख्य मार्गदर्शक और सेतु के रूप में कार्य करती है, जो बाल विवाह की रोकथाम और सामाजिक बदलाव में अहम भूमिका निभाती है। |
| 2. | **राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड राज्य स्तरीय पुरस्कार समारोह**<br>■ 11 फरवरी, 2026 को जगतपुरा (जयपुर) में राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड का राज्य स्तरीय पुरस्कार समारोह आयोजित किया गया।<br>■ **मुख्य अतिथि :** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे।<br>■ **सिल्वर एलिफेंट अवॉर्ड :** नमित मेहता (IAS), प्रतापगढ़ के जिला कलेक्टर (पूर्व जिला कलेक्टर, पाली)।<br>■ सिल्वर एलिफेंट अवॉर्ड स्काउटिंग का सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान है।<br>■ **राजस्थान स्काउट गाइड मुख्य आयुक्त :** निरंजन आर्य। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 3. | **'लेगेसी इन ट्यून्स' फिल्म**<br>■ निर्माता आयशा वासुदेव द्वारा निर्मित 18 मिनट की डॉक्यूमेंट्री 'लेगेसी इन ट्यून्स' को जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (JIFF) के लिए नॉमिनेट किया गया।<br>■ **फिल्म का विषय :** फिल्म में मांगणियार लोक संगीत की लुप्त हो रही विरासत को दर्शाया गया है। यह फिल्म मांगणियार कलाकार चाँद खान मांगणियार और उनके पारंपरिक वाद्य यंत्र सुरमंडल के इर्द-गिर्द घूमती है।<br>■ 18वें जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (JIFF) 2026 का आयोजन 13 से 15 फरवरी, 2026 तक नई दिल्ली में होगा। |
| 4. | **अभ्यास 'वायु शक्ति-2026'**<br>■ भारतीय वायु सेना (IAF) 27 फरवरी, 2026 को जैसलमेर स्थित पोखरण एयर-टू-ग्राउंड रेंज में अब तक का सबसे बड़ा मारक क्षमता अभ्यास 'वायु शक्ति-2026' का आयोजन करेगी।<br>■ **थीम :** 'ऑपरेशन सिंदूर' की तर्ज पर आधारित।<br>■ **प्रमुख विमान :** राफेल, सुखोई-30 MKI, तेजस, मिग-29, जगुआर और मिराज-2000 आदि। |
| 5. | **पैरा थ्रोबॉल नेशनल फेडरेशन कप 2026 – झुंझुनूं**<br>■ झुंझुनूं के सिंघानिया विश्वविद्यालय में 3 से 5 फरवरी, 2026 तक पैरा थ्रोबॉल नेशनल फेडरेशन कप – 2026 का आयोजन किया गया।<br>■ **महिला वर्ग की विजेता :** झारखंड।<br>■ झारखंड महिला टीम ने फाइनल में राजस्थान को 21-17 से हराया।<br>■ **पुरुष वर्ग की विजेता टीम :** आंध्र प्रदेश।<br>■ आंध्र प्रदेश ने फाइनल में तेलंगाना को हराया।<br>■ **आयोजक :** पैरा थ्रोबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया। |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 6. | **शेरगढ़ वन्यजीव अभयारण्य में विश्व की सबसे छोटी बिल्ली की उपस्थिति**<br>▪ हाल ही में, बाराँ में स्थित शेरगढ़ वन्यजीव अभयारण्य में दुर्लभ और विश्व की सबसे छोटी बिल्ली की उपस्थिति दर्ज की गई।<br>▪ 'रस्टी स्पॉटेड कैट' नामक इस बिल्ली को 'हमिंगबर्ड ऑफ कैट फॅमिली' कहा जाता है।<br>▪ **वैज्ञानिक नाम :** प्रियोनैलुरस रूबिगिनोसस।<br>▪ भारत में इसे वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की अनुसूची I के तहत उच्चतम सुरक्षा प्राप्त है। वहीं IUCN रेड लिस्ट में इसे 'निकट संकटग्रस्त' (Near Threatened) श्रेणी में रखा गया है। |
| 7. | **हर्षवर्धन सिंह शक्तावत**<br>▪ 36वीं सीनियर नेशनल कयाकिंग-कैनोइंग (स्प्रिंट) चैंपियनशिप - 2026 में उदयपुर के हर्षवर्धन सिंह शक्तावत ने पुरुष वर्ग की K-1 200 मीटर और K-1 500 मीटर स्पर्धाओं में दो स्वर्ण पदक जीते।<br>▪ **आयोजन :** लोअर लेक, भोपाल (मध्य प्रदेश)<br>▪ **अवधि :** 2 से 5 फरवरी, 2026 तक।<br>▪ **आयोजक :** इंडियन कयाकिंग एंड कैनोइंग एसोसिएशन (IKCA) के तत्वावधान में मध्य प्रदेश एमेच्योर कयाकिंग एंड कैनोइंग एसोसिएशन द्वारा। |
| 8. | **राजस्थान सरकार की साइबर सुरक्षा संबंधी एडवाइजरी**<br>▪ हाल ही में, राजस्थान गृह विभाग द्वारा साइबर सुरक्षा एवं साइबर स्वच्छता के प्रति आमजन को जागरूक करने हेतु नई एडवाइजरी जारी की गई।<br>▪ एडवाइजरी में विशेष रूप से डिजिटल अरेस्ट तथा 'कॉल फ़ॉरवर्डिंग से जुड़े साइबर घोटालों के प्रति सतर्क रहने की चेतावनी दी गई है।<br>▪ **साइबर हेल्पलाइन नंबर –** 1930<br>▪ **ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने हेतु पोर्टल -** cybercrime.gov.in<br>▪ **राजस्थान पुलिस का साइबर व्हाट्सएप नंबर –** 9256001930 |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 9. | **उपनिरीक्षक प्राची गुर्जर**<br>■ हाल ही में, राजस्थान पुलिस की उपनिरीक्षक और हैंडबॉल खिलाड़ी प्राची गुर्जर के नेतृत्व में राजस्थान की टीम ने सिलीगुड़ी (पश्चिम बंगाल) में आयोजित 'द्वितीय ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट 2025-26' में कांस्य पदक जीता। |
| 10. | **एम्प्लॉयमेंट एक्सचेंज मैनेजमेंट सिस्टम (EEMS) 2.0**<br>■ हाल ही में, राजस्थान सरकार द्वारा 'राजस्थान रोजगार नीति-2026' के तहत 'एम्प्लॉयमेंट एक्सचेंज मैनेजमेंट सिस्टम (EEMS) 2.0' नामक एक नए डिजिटल पोर्टल का विकास किया गया।<br>■ यह पोर्टल नौकरी चाहने वाले युवाओं और नियोक्ताओं (Employers) के बीच एक सेतु (Bridge) के रूप में कार्य करता है, जहाँ नियोक्ता रिक्तियां पोस्ट कर सकते हैं और युवा रोजगार खोज सकते हैं।<br>■ **राजस्थान रोजगार नीति-2026 :** राज्य स्तरीय युवा महोत्सव (12 जनवरी, 2026) के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा जयपुर में 'राजस्थान रोजगार नीति-2026' जारी की गई। इस नीति के तहत रोजगार और उद्यमशीलता पर केंद्रित बहुआयामी रणनीति के माध्यम से मार्च, 2029 तक 15 लाख रोजगार के अवसरों को सुलभ बनाया जाएगा। |

CIVIL SERVICES



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय

### चर्चा में क्यों?

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की।



### मुख्य बिन्दु:

**पंडित दीनदयाल उपाध्याय (1916-1968 )**

- 25 सितंबर, 1916 को जन्मे पंडित दीनदयाल उपाध्याय एक राजनीतिक विचारक, अर्थशास्त्री और भारतीय जनसंघ (बीजेएस) के संस्थापक थे।
- उन्होंने कानपुर में पढ़ाई की और बाद में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में शामिल हो गए और 1942 में पूर्णकालिक प्रचारक बन गए।


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **दर्शन: वे** एकात्म मानव दर्शन को प्रतिपादित करने के लिए जाने जाते थे, जिसमें भौतिक और आध्यात्मिक विकास, विकेंद्रीकरण और आत्मनिर्भर ग्राम-आधारित अर्थव्यवस्था के बीच सामंजस्य पर जोर दिया गया था।
- **पत्रकारिता:** उन्होंने राष्ट्र धर्म (मासिक), पंचजन्य (साप्ताहिक) और स्वदेश (दैनिक) जैसे प्रकाशनों के माध्यम से वैचारिक पत्रकारिता में भी योगदान दिया ।
- **अंत्योदय की अवधारणा:** उन्होंने अंत्योदय की अवधारणा को प्रतिपादित किया , जिसका अर्थ है "अंतिम व्यक्ति का उत्थान", और समाज के सबसे गरीब और सबसे हाशिए पर स्थित वर्गों के उत्थान पर ध्यान केंद्रित किया।
- **उनके नाम पर सरकारी योजनाएँ:** दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल विकास योजना और दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# आर्थिक घटनाक्रम

## भारत का चाय के निर्यात: 2025

### चर्चा में क्यों?

- भारत ने 2025 में चाय का अब तक का सबसे अधिक निर्यात दर्ज किया, जो जनवरी-दिसंबर 2025 के दौरान 280.40 मिलियन किलोग्राम तक पहुंच गया।(2024 में 256.17 मिलियन किलोग्राम)



### मुख्य बिन्दु:

#### चाय के बारे में

- भारत विश्व में चाय का दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक देश है।
- चीन विश्व का सबसे बड़ा चाय उत्पादक देश है, जिसके बाद भारत का स्थान आता है।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **मुख्य कारण:** पश्चिम एशिया, विशेष रूप से इराक, यूएई और ईरान को होने वाली शिपमेंट में उल्लेखनीय वृद्धि, जो अब भारत के चाय निर्यात का 20% हिस्सा है।
- **भारत के निर्यात गंतव्य:** संयुक्त अरब अमीरात, इराक, ईरान, रूस, अमेरिका और ब्रिटेन सहित 25 से अधिक देश।
- **प्रमुख चाय उत्पादक क्षेत्र:** असम (असम घाटी, कछार) और पश्चिम बंगाल (दुआर, तराई, दार्जिलिंग)।

### चाय उत्पादन के लिए भौगोलिक परिस्थितियाँ

- **जलवायु:** उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय जलवायु। चाय की झाड़ियों को पूरे वर्ष गर्म, नम और पाले से मुक्त जलवायु की आवश्यकता होती है।
- **मिट्टी:** गहरी और उपजाऊ, सुवाहित, ह्यूमस और कार्बनिक पदार्थों से भरपूर मिट्टी।
- **तापमान:** औसत वार्षिक तापमान 15-23 डिग्री सेल्सियस।
- **वर्षा:** वर्षा 150-200 सेंटीमीटर
- **प्रमुख चाय उत्पादक राज्य:** असम, पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग और जलपाईगुड़ी जिलों की पहाड़ियाँ, तमिलनाडु और केरल।
- इनके अलावा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, मेघालय, आंध्र प्रदेश और त्रिपुरा भी देश के चाय उत्पादक राज्य हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# योजनाएँ एवं नीतियाँ

## राष्ट्रीय कर्मयोगी लार्ज स्केल जन सेवा कार्यक्रम

### चर्चा में क्यों?

- राष्ट्रीय कर्मयोगी लार्ज स्केल जन सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत अब तक 10.5 लाख सरकारी कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।




### मुख्य बिन्दु:

**राष्ट्रीय कर्मयोगी लार्ज स्केल जन सेवा कार्यक्रम**

- **परिचय:** यह क्षमता निर्माण आयोग (CBC) की एक प्रमुख व्यावहारिक प्रशिक्षण पहल है।
- क्षमता निर्माण आयोग, मिशन कर्मयोगी प्रणाली की कार्यकारी संस्था है। यह आयोग क्षमता निर्माण और दक्षता-आधारित शिक्षण के माध्यम से सिविल सेवा में सुधारों को आगे बढ़ाता है।

**उद्देश्य:**

- सरकारी कर्मचारियों में सेवा-भाव और स्वधर्म की गहरी भावना को विकसित करना।
- नागरिक-केंद्रित शासन को सुदृढ़ बनाना।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विज्ञान प्रौद्योगिकी

## NLST और NLOT

### चर्चा में क्यों?

- केंद्रीय बजट 2026 में सूर्य और ब्रह्मांड की उत्पत्ति का अध्ययन करने के लिए लद्दाख में दो नई दूरबीनों की स्थापना को मंजूरी दी गई है।



### मुख्य बिन्दु:

- **नेशनल लार्ज सोलर टेलीस्कोप (NLST):** यह मेराक (लद्दाख) में स्थापित की जाने वाली 2-मीटर एपर्चर दूरबीन है। यह सौर गतिशीलता, चुंबकत्व और अंतरिक्ष मौसम का अध्ययन करेगी।
- नेशनल लार्ज सोलर टेलीस्कोप, भूमि से संचालित भारत की तीसरी सौर वेधशाला के रूप में कार्य करेगी।
- वर्तमान में, कोडाइकनाल सौर वेधशाला (तमिलनाडु, स्थापना 1899) और उदयपुर सौर वेधशाला (राजस्थान, स्थापना 1975) कार्यरत हैं।
- **नेशनल लार्ज ऑप्टिकल टेलीस्कोप (NLOT):** यह हानले (लद्दाख) में 13.7-मीटर की सेगमेंटेड मिरर वाली दूरबीन होगी।।
- यह ऑप्टिकल-इन्फ्रारेड तरंगदैर्ध्य का उपयोग करके एक्सोप्लैनेट और ब्रह्मांड की उत्पत्ति पर शोध करेगी।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण सूचकांक एवं रिपोर्ट

## भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक

### चर्चा में क्यों?

- **भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक 2025 के अनुसार वैश्विक स्तर पर भ्रष्टाचार और अधिक बढ़ा है।**





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## मुख्य बिन्दु:

### सूचकांक के बारे में:

- **जारीकर्ता:** ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल।
- **पद्धति:** इसमें 182 देशों को 0 से 100 तक के पैमाने पर रैंक किया जाता है।
    - 0 = बहुत भ्रष्ट
    - 100 = बेहद साफ-सुथरा (कम भ्रष्ट)
- **सबसे कम भ्रष्ट राष्ट्र:** डेनमार्क, फिनलैंड और सिंगापुर।
- **सर्वाधिक भ्रष्ट राष्ट्र:** दक्षिण सूडान, सोमालिया और वेनेजुएला।
- **भारत का प्रदर्शन:** भारत की रैंक 2025 में 91वीं है, जो 2024 में 96वीं रैंक से सुधरी है।

UTKARSH CIVIL SERVICES


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# नेटवर्क तत्परता सूचकांक रिपोर्ट 2025

## चर्चा में क्यों?

- 2026 में जारी नेटवर्क रेडीनेस इंडेक्स 2025 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत को 45वां स्थान प्राप्त हुआ है।



## मुख्य बिन्दु:

- **जारीकर्ता:** वाशिंगटन डीसी स्थित, पोर्टुलन्स इंस्टीट्यूट।
- **चार स्तंभ:** प्रौद्योगिकी, लोग, शासन और प्रभाव
- **शीर्ष तीन देश:** अमेरिका, फिनलैंड, सिंगापुर

**रिपोर्ट के अनुसार भारत की उपलब्धियां:**

- दूरसंचार सेवाओं में वार्षिक निवेश, एआई वैज्ञानिक प्रकाशन, आईसीटी सेवाओं का निर्यात और ई-कॉमर्स कानून में प्रथम स्थान।
- बिल्डिंग इंटरनेट सब्सक्रिप्शन, देश के भीतर मोबाइल ब्रॉडबैंड इंटरनेट ट्रैफिक और अंतर्राष्ट्रीय इंटरनेट बैंडविड्थ में दूसरा स्थान ।
- घरेलू बाजार पैमाने और आय असमानता में तीसरा स्थान ।
- निम्न-मध्यम आय वाले देशों के समूह में भारत दूसरे स्थान पर है ।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR